सुरक्षित बचपन ही सशक्त समाज की नींव : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

गयाजी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नालसा), नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया द्वारा शुक्रवार को राजकीय कन्या +2 विद्यालय, रमना में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को लैंगिक अपराधोंसे बालकों का संरक्षण अधिनियमतथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया डा. राकेश कुमार सिंह एवं प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सरोज कुमारी ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ,सचिव एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चियों ने स्वागत गीत पेश किया। जिसे प्रधान जिला जज ने सराहना की। अपने संबोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. राकेश कुमार सिंह



ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित वातावरण में जीने, शिक्षा प्राप्त करने और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अधिकार है। छात्रओं को अपने अधिकारोंके प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार की स्थिति में चुप रहने के बजाय इसकी जानकारी अपने अभिभावकों, शिक्षकों अथवा संबंधित प्राधिकार को देनी चाहिए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सरोज कुमारी, शिल्पा भूषण, अरुण कुमार सिंह, पवन कुमार एवं पंकज कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रमके सफल आयोजनमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के कर्मचारी विकास कु, प्रतुल कुमार, हारून रशीद,, ऋतिक कुमार, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार, अजय कुमार एवं अनिल कुमार की सक्रिय सहभागिता रही।

शहर में घनी आबादी के बीच पटाखों का चल रहा है कारोबार, बड़े हादसे की आशंका

दुकानों में सुरक्षा मानकों का नहीं हो रहा है पालन

गयाजी। आगामी दीपावली और छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग भले ही सतर्कता का दावा कर रहा हो, लेकिन धरातल पर स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। शहर के घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्रें के बीच अवैध रूप से नई-नई पटाखा दुकानें खुल चुकी हैं, जहां खुलेआम पटाखोंकी खरीद-बिक्री हो रही है। सब कुछ जानते-बूझते हुए भी प्रशासनिक अमला मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे स्थानीय लोग किसी बड़े खतरे की आशंका से सहमे हुए हैं। शहर के धामी टोला मोहल्ला में छोटी बड़ी लगभग 10 दुकानें चल रही है। शाहिद रोड, प्रेम टाकीज रोड, बाईपास मंगला गौरी रोड आदि मोहल्ले में भी पटाखे दुकान संचालितकी जा रही है। यह सब इलाके घनी आबादी और आवासीय इलाकों में है। हालाँकि, इस गंभीर खतरेको भांपते हुए रविवारको जिला अग्निशमन पदाधिकारी के नेतृत्वमें जिले भर में संचालित पटाखा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानोंमें आग से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि पटाखों की बिक्री केवल वैध लाइसेंसके आधारपर और निर्धारित स्थानोंपर ही की जाएगी। अग्निशमन विभाग ने सभी दुकानदारों को अनिवार्य रूप से पर्याप्त संख्यामें फायर एक्सटिंग्विशर और सुरक्षा उपकरण रखने की हिदायत दी है। इसके साथ ही दुकानों के आसपास धूम्रपान और किसी भी प्रकार की खुली आगके उपयोगपर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। शार्ट सर्किटसे होने वाले हादसों को रोकनेके लिए बिजली के तारों एवं उपकरणोंकी सुरक्षित वायरिंग सुनिश्चित करनेके आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने पटाखों के भंडारण को निर्धारित मानकों के अनुसार ही करने और आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य को सुगम बनाने के लिए दुकानों के चारों ओर पर्याप्त खाली जगह छोड़नेके निर्देश जारी किए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि घनी बस्तियों के बीच संचालित हो रही इन दुकानों पर यदि समय रहते प्रशासनिक सख्ती नहीं बरती गई, तो जरा सी लापरवाही किसी बड़े अग्निकांड को दावत दे सकती है।

ग्लोबल वार्मिंग रोकनेके लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी : प्रो. केएन सिंह

मगध विवि के वनस्पति विज्ञान विभागमें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

बोधगया (आससे)। मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग एवं गया



कालेजके वनस्पति विज्ञान पीजी सेंटरके संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। 'ग्लोबल क्लाइमेट चेंज और जैव विविधता पर इसका प्रभाव' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालयके कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं मगध विवि के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि प्रो. कामेश्वर नाथ सिंहने कहा कि भारत जैव विविधता के लिहाज से दुनिया के समृद्ध देशों में शामिल है। देश की भौगोलिक एवं जलवायु विविधता इसकी प्रमुख विशेषता है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए किए जा रहे प्रयास पर्याप्त नहीं हैं।

इसके लिए जीवनशैली में बदलाव और पर्यावरण अनुकूल आदतोंको अपनाना जरूरी है। जनहितमें व्यक्तिगत स्वार्थ छोड़कर प्रकृति के अनुकूल जीवन जीना समय की मांग है।

कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंगके अनेक कारण और गंभीर प्रभाव हैं। समुद्री तटोंका क्षरण तथा नए बैक्टीरिया और वायरसका प्रसार इसके चिंताजनक परिणाम हैं।

उन्होंने कहा कि प्रकृति का प्रत्येक जीव विशिष्ट गुणों से युक्त है और हर पौधे का अपना औषधीय महत्व है। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. रेणु जायसवाल ने कहा कि भारत की पहचान केवल जैव विविधता ही नहीं, बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओंसे भी है। आधुनिकता की दौड़ में हम अपनी पारंपरिक जीवनशैली छोड़कर पश्चिमी संस्कृति अपना रहे हैं। अब प्रकृति के अनुकूल पुरानी जीवनशैली की ओर लौटने की जरूरत है।

रांची विश्वविद्यालयकी प्रो. वंदना कुमारी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के स्थानीय कारणोंके प्रति भी जागरूकता जरूरी है।

कुलसचिव प्रो. बीके मंगलम ने बाबा नागार्जुनकी कविताके माध्यमसे जलवायु परिवर्तन और अकालके प्रभावों को रेखांकित किया। कार्यक्रममें विभागाध्यक्ष डा. रवि कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि डा. अमित कुमार सिंहने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसरपर प्राचार्य प्रो. शमसुल इस्लाम, प्रो. दीपक कुमार, डा. अतुल कु श्रीवास्तव, डा. राकेश कुमार, डा. एकता वर्मा, डा. रेशमा यास्मीन, पूनम सिंह, डा. कुमार विशाल, डा. रेणु रानी सहित शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार से 16 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

डोभी (आससे)। बहेरा थाना गेट के सामने पुलिस ने बड़ी कारर्वाई करते हुए कार के चारों दरवाजों के डोर पैड में छिपाकर रखे गये गांजा को बरामद किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर बहेरा थाना पुलिस ने डोभी-चतरा मुख्य मार्ग एनएच-22 पर बहेरा थाना गेट के समीप एक कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारीके अनुसार पुलिसने झारखंड नंबर की कार की तलाशी ली। इस दौरान कारके चारों दरवाजोंके डोर पैडके अंदर छिपाकर रखे गए गांजेके 44 पैकेट बरामद किए गए। बरामद गांजेका कुल वजन 16.060 किलोग्राम बताया गया है। इस मामले में कार चालक धनंजय कुमार शर्मा, पिता तेजनारायण शर्मा, निवासी खंडवा, थाना दिनारा, जिला रोहतास तथा उपचालक विनोद कुमार, पिता जितेंद्र प्रसाद, निवासी रिरुडीह, थाना हरला, जिला बोकारो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है। बताया गया कि गांजे की यह खेप ओडिशा के झारसुगुड़ा से लेकर बिहार के सासाराम पहुंचाई जानी थी। उल्लेखनीय है कि जब्ती सूची कीकार्रवाई घटनास्थल पर ही आरओ डोभी के समक्ष पूरी की गई। इस संबंध में बहेरा थाना पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

एसपी ग्रामीण ने किया पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण

गयाजी। शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षकके निर्देशन में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, गया द्वारा पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणके दौरान पर्यवेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखोंके संधारण, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। साथ ही, पर्यवेक्षण गृह में आवासित बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं उनकी देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अभिलेखोंका उचित संधारण करने तथा आवासित बच्चों को नियमानुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला जदयू कार्यालय में धूमधाम से मना पार्टी का 23वां स्थापना दिवस

पार्टी के इतिहास एवं संगठनात्मक विचारधारा पर हुई चर्चा

गया जी। जनता दल (यूनाइटेड) का 23वाँ स्थापना दिवस आज गया जिला जनता दल यूनाइटेड कार्यालय



में जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में केक काटकर स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्षअजय कुशवाहा ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड का स्थापना दिवस पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय, समावेशी विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठनात्मक एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहरानेका अवसर है।

उन्होंने कहा कि पार्टीके राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहारके पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमारके नेतृत्व में बिहारमें विकास, सुशासन, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं सामाजिक न्यायके क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा लेकर पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे आपसी समन्वय, एकजुटता और समर्पण के साथ पार्टीकी नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। कार्यक्रममें उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओंने पार्टी की विचारधारा और संगठनको मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जदयू नेता अवध बिहारी पटेल, विनोद कुमार,एलेकजेंडर खान जितेंद्र दास, ज्योति दांगी , प्रभात राउत, बृजराज पांडे, कैलाश पासवान,पप्पू दांगी,हुजैफा कादरी,लालजी प्रसाद,विनोद यादव,अमित शर्मा, अर्जुन राम, नीरज राय,सुनीता देवी, श्रीधर कुशवाहा सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शेरघाटी-इमामगंज मुख्य मार्ग पर दर्दनाक हादसा

स्कूल बस की टक्करसे बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

शेरघाटी कोर्ट/आमस (ससू)। शेरघाटी-इमामगंज मुख्य मार्ग पर शुक्रवार दोपहर कूड़ासीन गांवके समीप आनंद रिजार्ट के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 20 वर्षीय युवककी मौत हो गई। मृतक की पहचान आमस थाना क्षेत्र के हरिदासपुर गांव निवासी वशिष्ठ यादवके पुत्र नीरज कुमारके रूपमें हुई है। वहीं, बाइक पर सवार विवेक कुमार घायल हो गए।

स्थानीय लोगोंके अनुसार, नीरज कुमार अपने साथी विवेक कुमार के साथ मोटरसाइकिलसे निजी कामके सिलसिले में शेरघाटी बाजार जा रहे थे। इसी दौरान बच्चों से भरी एक तेज रफ्तार स्कूल बस अनियंत्रित होकर उनकी बाइक से टकरा गई। हादसेमें दोनों सड़ककेकिनारे गिरकर घायल हो गए।

स्थानीय लोगों की मददसे दोनों को शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाजके दौरान नीरज कुमारने



दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने स्कूल बस को अपने कब्जे में ले लिया। सूचना पर आमस पुलिस मौके पर पहुंची और शवो पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया भेज दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

धान खरीद की शर्तों में बदलाव की मांग

पैक्स संघ ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

खिजरसराय (ससू)। संवाद सहयोगी, नीमचक बथानीरू धान अधिप्राप्ति की व्यवस्था में सुधार और पैक्सोंकी समस्याओं के समाधान को लेकर गुरुवार को खिजरसराय व्यापार मंडल कार्यालयमें पैक्स संघ की बैठक हुई। लोदीपुर पैक्स अध्यक्ष श्यामदेव प्रसाद ऊ चन्द्रमणि कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में धान खरीद के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की गई। बैठकके बाद संघने अनुमंडल पदाधिकारी, नीमचक बथानी, गयाजी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रतिलिपि अन्य वरीय अधिकारियों को भी भेजी गई है। ज्ञापन के माध्यम से पैक्स संघ ने जिले में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य कुल उपज के हिसाब से कम से कम 65 प्रतिशत निर्धारित करने, पैक्सों को ब्याजमुद्र ;ण देने और किसानों के लिए पिछले वर्ष के अनुरूप अक्नलाइन व्यवस्था लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही परिवहन एवं हैंडलिंग दर दोगुनी करने, मिलिंग दर 100 रुपये प्रति क्विंटल करने तथा एसीआइ में चावल जमा करने से होने वाले आर्थिक नुकसानकी भरपाई की मांग उठाई गई है। एसएसी में चावल जमा करने के अधिकतम 100 घंटे के भीतर रुपये भुगतान की मांग भी ज्ञापन में शामिल है। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में धान अधिप्राप्ति कार्य का बहिष्कार किया जाएगा।

सीयूएसबी में दो को होगा 'विकसित भारत युवा संसद 2027' का भव्य आयोजन

टिकारी ((आससे)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 02 नवंबर 2026 को प्रतिष्ठित 'विकसित भारत युवा संसद 2027' के भव्य आयोजन करने को पूरी तरह तैयार है। 'मेरा युवा भारत, गयाजी' के सक्रिय सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रमका उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक सहभागिता, सार्वजनिक नीतियों की समझ तथा नेतृत्व क्षमताका विकास करना है। कार्यक्रमके प्रचार-प्रसार हेतु कुलपति प्रो. कोमश्वर नाथ सिंह ने युवा संसद के प्रचार पोस्टर का अपने कार्यालय में विधिवत विमोचन किया। इस अवसरपर जिला युवा अधिकारी पवन कुमार, सीयूएसबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा अनिल कुमार तथा छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो सिंहने इस अवसर पर कहा कि यह पहल देशके युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओंसे जोड़ने तथा विकसित भारत के निर्माण में उनकी विचारशील और रचनात्मक भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित स्वायत्त संस्था 'मेरा युवा भारत' इस पहल का प्रमुख आधार है। इस वर्ष युवा संसद को 'विकसित भारत युवा नेतृत्व विकास' रूपरेखा से जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य केवल वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि युवाओं में संवैधानिक मूल्यों, सक्रिय नागरिकता, नीतिगत समझ, तार्किक चिंतन तथा सामूहिक समस्या-समाधानकी क्षमता



विकसित करना है। इस मंचके माध्यम से युवा राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत करने और व्यावहारिक समाधान सुझाने के लिए प्रेरित होंगे, जिससे विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक युवा 'मेरा युवा भारत' के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' है। प्रारंभिक चरण देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सभी 786 जिलों में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए तीन मिनट का समय मिलेगा। प्रत्येक जिले के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 'संसद के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में होगा राष्ट्रीय चरण'।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता भगाओ आंदोलन को लेकर भाजपा की बैठक, 5 नवंबर को निकलेगी पदयात्रा

गयाजी। भाजपा गया जिला पूर्वी की बैठक शुक्रवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता भगाओ' आंदोलन की तैयारियों को लेकर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष एवं गया शहर विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र संविधान, कानून और जनमत की शक्ति से चलता है, इसमें हिंसा और अराजकता का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवैधानिक मर्यादाओं और शांतिपूर्ण तरीके से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने की। इस दौरान पांच नवंबर को आयोजित पदयात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। पदयात्रा गांधी मैदान से शुरू होकर आजाद पार्क तक पहुंचेगी। इसमें करीब 20 हजार कार्यकर्ताओं को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

In the High Court of Judicature at Patna
(Criminal Miscellaneous Jurisdiction)
Cr. Misc. No. 17906 of 2019
Dr. (Mrs.) Andal Arumugam & Anr. .....Petitioner
V/s
The State of Bihar & Anr. .....Opposite Parties
with
Criminal Miscellaneous No.-21796 of 2019
V. V. Ram .....Petitioner
V/s
The State of Bihar & Anr.....Opposite Parties
Notice to O.P. No. 02

Sri Bishambhar Singh, Son of Late Jagdeo Singh, Resident of Mohalla-Jay Prakash Nagar, P.O.-Ashiana Nagar, P.S.-Shastri Nagar, Patna. One Directors of M/s Om Astha Construction Pvt. Ltd. Having its office at 301, Mazestic Vishnu. North Sri Krishnapuri Patna.

Whereas in the Cr. Misc. case, it couldn't be found possible to serve notice upon you either through ordinary process or though registered post.

You are hereby informed that **30.11.2026** has been fixed by the Hon'ble court for hearing of this case. If no appearance is made on your behalf or through your advocate, this case will be heard and decided ex-parte in your absence.

Given under my hand and seal of this court on **29.10.2026.**

By order of Hon'ble Court
Sd/-
Assistant Registrar
CM-7039

MAHARAJA LOTTERY
30.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	19
09.00	M-Two	38
09.30	M-Three	59
10.00	M-Four	48
10.30	M-Six	79
11.00	M-Eight	73
11.30	M-Nine	05
12.00	M-Ten	14
12.30	M-Eleven	84
01.00	M-Twelve	85
01.30	M-Fourteen	67
02.00	M-Fifteen	76
02.30	M-Seventeen	65
03.00	M-Eighteen	67
03.30	M-Nineteen	90
04.00	M-Twenty	39
04.30	M-Twenty-one	05
05.00	Mahajara Twenty	34
05.30	Mahajara Twenty one	84
06.00	Mahajara Twenty	24

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :30.10.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	65
09:00	RAJARANI SUBEHA	02
09:30	RAJARANI KIRAN	36
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	76
10:30	RAJARANI PRABHAT	28
11:00	RAJARANI LAJBAB	00
11:30	RAJARANI SAMRAT	03
12:00	RAJARANI DELUX	38
12:30	RAJARANI AFTERNOON	44
01:00	RAJARANI KINGS	80
01:30	RAJARANI ROYAL	87
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	27
02:30	RAJARANI HUNDRED	95
03:00	RAJARANI DIAMOND	85
03:30	RAJARANI SONA	47
04:00	RAJARANI EXPRESS	69
04:30	RAJARANI SPECIAL	05
05:00	RAJARANI SANDHYA	32
05:30	RAJARANI CHANDANI	01
06:00	RAJARANI SHAM	19

Contact for Results: 020 24444668
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

संगम
Date : 30.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	60	02.30 p.m.	77
09.30 a.m.	69	03.00 p.m.	31
10.00 a.m.	44	03.30 p.m.	91
10.30 a.m.	39	04.00 p.m.	22
11.00 a.m.	66	04.30 p.m.	09
11.30 a.m.	77	05.00 p.m.	20
12.00 noon	09	05.30 p.m.	33
12.30 a.m.	35	06.00 p.m.	22
01.00 p.m.	45	06.30 p.m.	39
01.30 p.m.	74	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	12	Contact for result : 011-40451774, 011-40451775	

चेतक

09.00 a.m.	81	02.30 p.m.	55
09.30 a.m.	02	03.00 p.m.	23
10.00 a.m.	75	03.30 p.m.	11
10.30 a.m.	24	04.00 p.m.	66
11.00 a.m.	27	04.30 p.m.	45
11.30 a.m.	24	05.00 p.m.	94
12.00 noon	78	05.30 p.m.	61
12.30 a.m.	81	06.00 p.m.	47
01.00 p.m.	70	06.30 p.m.	84
01.30 p.m.	44	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	28	Contact for result : 011-40451770, 011-40451771, 011-40451772	

सुपर

09.00 a.m.	00	02.30 p.m.	39
09.30 a.m.	64	03.00 p.m.	99
10.00 a.m.	68	03.30 p.m.	30
10.30 a.m.	81	04.00 p.m.	13
11.00 a.m.	67	04.30 p.m.	17
11.30 a.m.	33	05.00 p.m.	43
12.00 noon	79	05.30 p.m.	50
12.30 a.m.	04	06.00 p.m.	01
01.00 p.m.	49	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	32	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	40	Contact for result : 011-40451993, 011-40451994	

www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	78	MILLENNIUM	2.00 p.m.	63
SUBEHA	9.00 a.m.	97	100	2.30 p.m.	67
KIRAN	9.30 a.m.	38	DIAMOND	3.00 p.m.	83
HINDUSTANI	10.00 a.m.	05	SONA	3.30 p.m.	98
PRABHAT	10.30 a.m.	46	EXPRESS	4.00 p.m.	36
LAJBAB	11.00 a.m.	83	SPECIAL	4.30 p.m.	66
SAMRAT	11.30 a.m.	78	SANDHYA	5.00 p.m.	62
DELUX	12.00 noon	16	CHANDANI	5.30 p.m.	01
AFTERNOON	12.30 a.m.	75	SHAM	6.00 p.m.	85
KING	1.00 p.m.	44	EVENING	6.30 p.m.	51
ROYAL	1.30 p.m.	10	Check result with official website/Call		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 30.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	87	02.00 p.m.	28
09.30 a.m.	38	02.30 p.m.	49
10.00 a.m.	08	03.00 p.m.	28
10.30 a.m.	77	03.30 p.m.	55
11.00 a.m.	24	04.00 p.m.	88
11.30 a.m.	86	04.30 p.m.	63
12.00 noon	70	05.00 p.m.	10
12.30 p.m.	47	05.30 p.m.	44
01.00 p.m.	40	06.00 p.m.	95
01.30 p.m.	59	06.30 p.m.	57

Contact for result :
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

30.10.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	23	48	38	90
09:00	62	21	38	79
09:30	42	73	97	92
10:00	95	08	80	22
10:30	52	93	00	61
11:00	24	32	25	12
11:30	02	41	58	88
12:00	30	93	77	79
12:30	57	45	91	06
01:00	91	27	71	17
01:30	26	19	16	44
02:00	59	53	34	11
02:30	95	48	44	41
03:00	82	66	24	66
03:30	71	92	10	49
04:00	22	37	85	41
04:30	74	16	46	76
05:00	80	77	23	72
05:30	77	06	58	50
06:00	65	69	25	26
06:30	99	36	37	89

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें
9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA
तारीख – 30-10-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक	TIME	शुभ अंक
09:00	6070	7038	01:45	6098	7074
09:15	6011	7058	02:00	6043	7028
09:30	6059	7056	02:15	6068	7077
09:45	6070	7090	02:30	6014	7077
10:00	6027	7097	02:45	6026	7084
10:15	6068	7006	03:00	6024	7086
10:30	6058	7056	03:15	6009	7092
10:45	6026	7056	03:30	6069	7036
11:00	6053	7087	03:45	6074	7068
11:15	6033	7059	04:00	6008	7075
11:30	6051	7077	04:15	6004	7069
11:45	6049	7081	04:30	6003	7037
12:00	6005	7031	04:45	6067	7090
12:15	6033	7024	05:00	6016	7010
12:30	6061	7099	05:15	6028	7040
12:45	6059	7028	05:30	6058	7005
01:00	6010	7091	05:45	6053	7006
01:15	6072	7086	06:00	6090	7062
01:30	6007	7010			

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें
8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें:
022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com